Seat No. : _______________

# XS-104

**B.A. (Sem.-II)**
**April-2013**

## Hindi (EC-I-111)(Optional)

**[प्रयोजनात्मक हिन्दी-३]**

**(हिन्दी का व्यावहारिक व्याकरण)**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना** : (१) किसी भी प्रश्न के सभी विभागों के उत्तर एक साथ लिखें ।
(२) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में न लिखकर पूरे वाक्य में लिखें ।

१. (अ) 'विकारी शब्द' के प्रकारों को परिभाषा - उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । ७

**अथवा**

संज्ञा के प्रकारों को परिभाषा - उदाहरण सहित समझाइए ।

(आ) तद्धित प्रत्यय की परिभाषा लिखते हुए उसके भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । ७

**अथवा**

रचना के आधार पर वाक्य के प्रकारों को सोदाहरण समझाइए ।

२. (अ) संधि की परिभाषा लिखते हुए स्वर संधि के भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । ७

**अथवा**

तत्पुरुष समास की परिभाषा लिखते हुए उसके भेदों को सोदाहरण समझाइए ।

(आ) अलंकार किसे कहते हैं ? उपमा और रूपक अलंकार को परिभाषा-उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । ७

**अथवा**

छन्द किसे कहते हैं ? दोहा और चौपाई छन्द को परिभाषा - उदाहरण सहित समझाइए ।

३. संक्षेप में लिखिए : १६

(आवश्यकतानुसार परिभाषा - उदाहरण सहित)

(अ) निश्चयवाचक सर्वनाम और अनिश्चयवाचक सर्वनाम ।

**अथवा**

नामधातु क्रिया एवं प्रेरणार्थक क्रिया ।

(आ) संख्यावाचक विशेषण एवं उसके भेद ।

**अथवा**

उपसर्ग और प्रत्यय में अन्तर ।

(इ) कारक और विभक्ति ।

**अथवा**

प्रश्नवाचक चिह्न एवं संयोजक चिह्न ।

(ई) श्रृंगार रस ।

**अथवा**

करुण रस ।

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्यों में लिखिए : (किन्हीं **छः**) **१२**

(१) शब्द किसे कहते हैं ?

(२) क्रिया विशेषण किसे कहते हैं ?

(३) वाक्य किसे कहते हैं ?

(४) 'कृत' प्रत्यय किसे कहते हैं ?

(५) समास किसे कहते हैं ?

(६) कारक किसे कहते हैं ?

(७) रस का अर्थ क्या है ?

(८) अर्थालंकार किसे कहते हैं ?

५. सूचनानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **१४**

(अ) योग्य विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों को पूरा कीजिए –

(१) उत्पत्ति की दृष्टि से शब्द के ________ प्रकार हैं । (तीन, चार, पाँच)

(२) 'कार्यालय' शब्द ________ शब्द है । (योगरूढ, रूढ, यौगिक)

(३) 'अनहोनी' शब्द में 'अन' ________ का उपसर्ग है । (हिन्दी, संस्कृत, फारसी)

(४) अव्ययी भाव समास में पहला पद ________ होता है । (संज्ञा, विशेषण, अव्यय)

(५) आचार्य भरतमुनि के ग्रंथ का नाम ________ है । (काव्यशास्त्र, नाट्यशास्त्र, गद्यशास्त्र)

(आ) निम्नलिखित वाक्यों में सही के सामने सही (√) और गलत के सामने गलत (×) का निशान लगाइए ।

(१) 'वह जाता है ।' वाक्य में क्रिया 'सकर्मक' है ।

(२) समुच्चयबोधक शब्द, शब्दों-वाक्यों को परस्पर जोड़ने का काम करता है ।

(३) सर्वनाम के कुल आठ प्रकार हैं ।

(४) 'बहुब्रीहि' शब्द समास का एक भेद है ।

(५) छन्द तीन प्रकार के होते हैं ।

(इ) उचित जोड़े मिलाइए –

| **क** | **ख** |
|---|---|
| (१) सोरठा | (१) शब्दालंकार |
| (२) सम्बन्धबोधक | (२) रस |
| (३) वीर | (३) छन्द |
| (४) यमक | (४) अविकारी |
| | (५) अर्थालंकार |

**Seat No. : _______________**

# XS-104

**B.A. (Sem.-II)**
**April-2013**

## Hindi (EC-I-111)(Optional)

**[छायावादोत्तर हिन्दी कविता]**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना** : (१) **सभी** प्रश्नों के उत्तर सूचनानुसार लिखें ।
(२) किसी भी प्रश्न के सभी विभागों के उत्तर एक साथ लिखें ।
(३) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में न लिखकर पूरे वाक्य में लिखें ।

१. (अ) नदी के द्वीप कविता का भावार्थ लिखिए । **७**

**अथवा**

कलगी बाजरे की कविता में निहित प्रकृति वर्णन पर प्रकाश डालिए ।

(ब) सिन्दूर तिलकित भाल कविता में पारिवारिक एवम् दाम्पत्यभाव की अभिव्यक्ति हुई है – समझाइए । **७**

**अथवा**

कालिदास कविता का भावार्थ लिखते हुए उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

२. (अ) कुआनो नदी – खतरे का निशान कविता का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए । **७**

**अथवा**

पत्नी की मृत्यु पर कविता की वेदना को समझाइए ।

(ब) उस जनपद का कपि हूँ कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । **७**

**अथवा**

पश्यन्ती कविता द्वारा व्यक्त कवि के विचारों पर प्रकाश डालिए ।

३. संक्षेप में लिखिए : **१६**

(अ) लीक पर वे चलें कविता का भावार्थ

**अथवा**

भूख कविता का उद्देश्य

(ब) बिस्तरा है न चार पाई है गजल का भावार्थ

**अथवा**

चम्पा काले अक्षर नहीं चीन्हती का केन्द्रीय भाव

(क) संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

जो भी जहाँ भी पिसता है पर हारता नहीं, न मरता है –
पीडित श्रमरत मानव
अविजित दुर्जेय मानव
कमकर, श्रमकर, शिल्पी, स्रष्टा –
उसकी मैं कथा हूँ ।

**अथवा**

यह दीप अकेला स्नेह-भरा
है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो ।

(ख) जहाँ तक मेरी अपनी बात है
तनिक भी पीर नहीं
दुख नहीं, दुविधा नहीं ।
सरलतापूर्वक निकले थे प्राण
सह नहीं सकी आँत जब पेचिश का हमला...

**अथवा**

सत्य स्वयं घायल हुआ, गई अहिंसा चूक
जहाँ-तहाँ दगने लगी शासन की बंदूक

४. **एक** या **दो** वाक्य में उत्तर दीजिए : **१२**

(१) सर्वेश्वर की कविताओं में कौन से स्वर का सहज अनुभव होता है ?
(२) त्रिलोचन का घर का नाम क्या था ?
(३) अज्ञेय ने छह दशकों की साधना में क्या किया ?
(४) कई दिनों तक चूल्हा रोया चक्की रही उदास काव्य पंक्ति किस कविता की है ?
(५) कालिदास कविता के पात्रों के नाम बताइए ।
(६) सर्वेश्वर लिखित नाटकों के नाम लिखिए ।

५. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को सूचनानुसार लिखिए : **१४**

(अ) सही विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(१) अज्ञेय रचित कितनी नावों में कितनी बार क्या है ?
(अ) कविता (ब) कहानी (क) निबंध

(२) सर्वेश्वर के किस काव्यसंग्रह को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?
(अ) कुआनो नदी (ब) काठ की घंटियाँ (क) खूटियों पर टँगे लोग

(३) त्रिलोचन के कहानी संग्रह का नाम क्या है ?
(अ) देशकाल (ब) धरती (क) गुलाब और बुलबुल

(४) नागार्जुन का संस्कृत में कौनसा काव्यसंग्रह प्रकाशित हुआ है ?
(अ) धर्मलोक शतकम् (ब) शिवलोक शतकम् (क) अधर्मलोक शतकम्

(५) आरर-डाल कविता के कवि कौन हैं ?
(अ) अज्ञेय (ब) नागार्जुन (क) त्रिलोचन

(ब) सही विकल्प चुनकर रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए :

(१) प्राइमरी स्कूल के मास्टर की उमर लगभग _________ साल की थी । (पैंतालीस, पचपन, पैंसठ)
(२) त्रिलोचन को _________ काव्यसंग्रह पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ है । (ताप के तापे हुए दिन, धरती, दिगन्त)
(३) जब भी भूख से लड़ने कोई खड़ा हो जाता है _________ दीखने लगता है । (कुरूप, सुन्दर, अतिसुन्दर)
(४) _________ कविता अज्ञेय की है । (भूख, हिरोशिमा, धूपसुन्दर)
(५) आदमी जी रहा है मरने को सबसे ऊपर यही _________ है । (वास्तविकता, सच्चाई, बुराई)

(क) सही जोड़े मिलाइए :

| अ | आ |
|---|---|
| (१) याद आता मुझे वह तरउनी ग्राम | (१) सक्सेना |
| (२) मातः उसे फिर संस्कार तुम देना | (२) त्रिलोचन |
| (३) जब सब बोलते थे वह चुप रहता था | (३) नागार्जुन |
| (४) धूप में जग-रूप सुन्दर | (४) अज्ञेय |